THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU): (a) The licence given to Mahanagar Telephone Nigam Ltd. both Delhi and Bombay units, has been extended upto 30-9-92.

(b) Functioning of Delhi and Bombay Units of MTNL during the last 6 years have been satisfactory.

(c) The Report submitted in April, 1991 by the High Level Committee (Athreya Committee) set up or recommending the most appropriate organisational structure or the Department of Telecom including MTNL is under consideration of the Government. There is no specific proposal at present under consideration for converting telephone systems in other major cities into MTNL like Corporations.

मध्य प्रदेश में इन्दौर जिले के गांवों में टेलीफोन सुविधाएं

696. **श्री राधाकिशन मालवीय** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश में इन्दौर जिले के कुछ गांवों को टेलीफोन सुविधा उपलब्ध करा दी गयी है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि टेलीफोन केन्द्रों में संचार व्यवस्था ठीक तरह से काम नहीं कर रही है;

(ग) संचार व्यवस्था को ठीक करने के लिए सरकार द्वारा किये गये उपायों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) वर्ष 1992-93 के दौरान कितने गावों को टैलीफोन सुविधाएं प्रदान कर दी जायेंगी?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू) : (क) जी, हां । (ख) जी, नहीं ।

(ग) संबंधित अनुरक्षण कर्मचारियों द्वारा इन टेलीफोनों की सेवा के निष्पादन की जांच-पड़ताल और निगरानी करने के लिए विस्तृत मार्ग निर्देश और अनुदेश जारी किये गए हैं ।

(घ) 25 ।

मध्य प्रदेश में टेलीफोन केन्द्रों और डाकघरों का खोला जाना

697. **श्री राधाकिशन मालवीय** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान मध्य प्रदेश में खोले जाने वाले नये टेलीफोन केन्द्रों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) वर्ष 1992-93 के दौरान मध्य प्रदेश में खोले जाने वाले डाकघरों का ब्यौरा क्या है ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू) : (क) मध्य प्रदेश सहित पूरे देश में टेलीफोन एक्सचेंज नेटवर्क के विस्तार के लिए 8वीं योजना (1992-97) के मसौदा प्रस्तावों में निम्नलिखित शामिल हैं :—

—ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों में व्यवहारिक रूप से मांग होने पर टेलीफोन कनेक्शन प्रदान करना

—10,000 और इससे अधिक की लाइनों की बड़ी टेलीफोन प्रणालीयों में नए टेलीफोन कनेक्शनों की प्रतीक्षा अवधि को दो वर्ष तक सीमित करना ।

अनुमान है कि उपर्युक्त उद्देश्यों को पूरा करने के लिए 8वीं योजना अवधि के दौरान मध्य प्रदेश में 4 लाख नए टेलीफोन कनेक्शन प्रदान करना अपेक्षित है । इस उद्देश्य को मांग का औचित्य सिद्ध होने पर मौजूदा टेलीफोन एक्सचेंजों का विस्तार करके तथा नए एक्सचेंज खोलकर पूरा किया जाएगा ।

(ख) वर्ष 1992-93 के दौरान मध्य प्रदेश में डाकघर खोलने के उद्देश्यों को अंतिम रूप दिया जा रहा है ।